आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 25.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— राज्य विधानसभा का मानसून सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा—छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट के साथ ही नियद नेल्लानार योजना के बारे में जानकारी दी।

3— भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्नीस सौ पचहत्तर में लगाए गए आपातकाल के विरोध में आज देशभर में आपातकाल काला दिवस मनाया जा रहा है—प्रधानमंत्री ने आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

4— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सत्ताईस जून से जनदर्शन कार्यक्रम के तहत लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे।

विस—मानसून सत्र

छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा का मानसून सत्र बाईस जुलाई से शुरू होगा। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। सत्र में वित्तीय कार्य के साथ ही अन्य शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। इस संबंध में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने अधिसूचना जारी कर दी है।

मुख्यमंत्री—प्रधानमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर श्री साय ने श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन—दो हजार सैंतालीस 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण राज्य नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है, जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बीते छह महीने में माओवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। नियद नेल्लानार योजना के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत माओवादियों के आधार को कमजोर करने और शासन—प्रशासन तथा ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में तेईस कैंप खोले गए हैं, जिनमें नब्बे गांव शामिल हैं और भविष्य में उनतीस कैंप और खोले जाएंगे।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संसद भवन में छत्तीसगढ़ के नव—निर्वाचित सांसदों से भी मुलाकात की।

प्रधानमंत्री—आपातकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में आपातकाल का विरोध करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और देश के संविधान को कुचल दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनेक मौकों पर अनुच्छेद—तीन सौ छप्पन लगाया, प्रेस की स्वतंत्रता को नष्ट करने के लिए विधेयक लाए, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में भी आज आपातकाल काला दिवस मनाया। इस अवसर पर विभिन्न जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए और मीसाबंदियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्नीस सौ पचहत्तर में लगाया गया आपातकाल स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे अलोकतांत्रिक काल था। उन्होंने कहा कि हमें लोकतंत्र विरोधी तत्वों के खतरे के प्रति सावधान रहने की जरूरत है।

वहीं, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की गई थी, बल्कि भारतीय संविधान का भी माखौल बनाया गया था।

जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम में बिल्हा विधायक और विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक शामिल हुए। इस अवसर पर सत्रह मीसाबंदियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि

प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनने पर मीसाबंदियों की पेंशन को पुनः शुरू किया जा रहा है और रूकी हुई पेंशन को एकमुश्त दिया जाएगा।

खनिज–नीलामी

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी तथा कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी के चौथे दौर की शुरुआत की। इस नीलामी में महत्वपूर्ण खनिजों के इक्कीस ब्लॉक शामिल थे। इनमें से ग्यारह नये ब्लॉक हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ सहित छह राज्य भी शामिल हैं। कोरबा जिले में स्थित देश की पहली लीथियम खदान की नीलामी करने वाला छत्तीसगढ़, देश का पहला राज्य बन गया है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया–जीएसआई ने प्रारंभिक सर्वे में पाया गया है कि कटघोरा के ग्राम घुचापुर के पास ढाई सौ हेक्टेयर क्षेत्र में दुर्लभ धातु लीथियम बड़ी मात्रा में मौजूद है।

इसके अलावा नीलामी के पिछले दौर के "दूसरे प्रयास वाले" ब्लॉकों के रूप में दस महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक पेश किए जा रहे हैं। ये ब्लॉक दूसरे दस राज्यों के अलावा छत्तीसगढ़ में भी है।

नीट–डॉक्टर्स

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर शरद कुमार अग्रवाल ने नीट–यूजी परीक्षा में गड़बड़ी और कदाचार के संबंध में सक्रिय कार्रवाई करने के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है।

वहीं, नई दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में बाल चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉक्टर हरीश चेलानी ने नीट–यूजी परीक्षा के संबंध में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों की सराहना की है।

इस बीच, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं के पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की उच्च–स्तरीय समिति की कल पहली बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति की प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों की चिंताओं और सुझावों को जानना है जिसके लिए उनसे बातचीत की जाएगी।

जनदर्शन कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सत्ताईस जून से जनदर्शन कार्यक्रम के तहत लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। साथ ही वे जनता के सुझाव और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी लोगों से प्राप्त करेंगे। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण सत्र

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा राज्य के तेईस जिलों में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ, डिप्टी चीफ और असिस्टेंट लीगल एड डिफेस काउंसिंल के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिन आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सभी प्रतिभागी डिफेंस काउंसिल को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ प्राप्त करते हुए अपने विधिक कौशल को विकसित करें। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे तीन नये आपराधिक कानूनों के संबंध में सभी जानकारियां नई तकनीकों के द्वारा प्राप्त करें।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर तेईस से पच्चीस जून तक आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में तेईस चीफ, बत्तीस डिप्टी चीफ और पचास असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल शामिल हुए।

नये कानून–कार्यशाला

देशभर में एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नये आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियमके संबंध में आज रायगढ़ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि नये कानूनों से लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों के लिए नये कानून में गंभीर सजा और समाज को अपराधमुक्त बनाने के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सारे रिकॉर्ड ऑनलाइन और कम्प्यूटरीकृत हो रहे हैं। नये कानून में वह सब सुविधा लोगों को उपलब्ध होगी, जिससे न्याय और निर्णय शीघ्र मिलेगा।

कार्यशाला में कलेक्टर कार्तिकेय गोयल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी उपस्थित थे।

माओवादी मुठभेड़

धमतरी जिले में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी माओवादी कमांडर मारा गया है। पुलिस के अनुसार नगरी ब्लॉक से डीआरजी के जवान तलाशी अभियान पर निकले थे। इसी दौरान मुहकोट और आमझर के जंगल में पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में डीआरजी के जवानों ने भी फायरिंग की। करीब एक घंटे तक चली गोलीबारी में पांच लाख रुपये का इनामी माओवादी मारा गया। पुलिस ने घटनास्थल से माओवादी के शव के साथ ही एसएलआर रायफल और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की है। मृत माओवादी की पहचान सीतानदी एरिया कमेटी के कमांडर अरूण मंडावी के रूप में हुई है।

दुर्घटना

बलरामपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, एक व्यक्ति घायल हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार राजपुर–बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में भेड़ाघाट मोड़ के पास हुई। इसमें ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ट्रक का चालक भी शामिल है। वहीं, ट्रक परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

इधर, रायपुर के पास अमलेश्वर में आज एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मौसम

कल छत्तीसगढ़ के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी चेतावनी दी है। राजधानी रायपुर में भी आसमान में बादल छाए रहेंगे और वर्षा होने की संभावना है। वर्षा की यह स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रह सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज बिलासपुर जिले के कोनी स्थित आदर्श आईटीआई का निरीक्षण किया।

– छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के पांचवे निर्वाचन आयुक्त के तौर पर आज अजय सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है।

– कोरबा जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के एक सौ आठ बेरोजगार युवाओं को श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने उनके घरों के नजदीक के स्कूलों में अतिथि शिक्षक और भृत्य के रूप में नियुक्ति का प्रमाण–पत्र सौंपा।

– कल छब्बीस जून को दुर्ग से चलने वाली नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

– बलौदाबाजार नगर में बीते दस जून को हुई आगजनी की घटना में शामिल सात और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक इस घटना के सिलसिले में एक सौ पैंतालीस आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

– गेवरा–पेण्ड्रा रोड रेल कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित भूमि के संबंध में मुआवजे की मांग को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आज कोरबा में पुरैना के पास प्रदर्शन किया गया।

– महासमुंद के बरबसपुर रेतघाट में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए चालीस हाईवा को जब्त किया गया। वहीं, मौके से नौ वाहन चालकों को पूछताछ के लिए कोतवाली थाने लाया गया है।

– रायपुर जिले के अंतर्गत तिल्दा जनपद पंचायत में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत आज जागरूकता रैली निकाली गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>